जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी

जिला – इंदौर

खिलाडियों को प्रशिक्षण

- विभाग द्वारा खिलाड़ियों के स्तर को उन्नत बनाने व सुधार हेतु उनके उचित प्रशिक्षण की सुविधा पूर्व राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाडी, एन.आई.एस. व भारतीय खेल प्राधिकरण के दक्ष प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में निःशुल्क प्रदान की जाती है। साथ ही ग्रीष्मकाल में एक माह का विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर उसमें प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को तलाश कर उनकी प्रतिभा को और अधिक निखारने हेतु विशेष प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान की जाती है। जिसके तहत इनकी आवश्यक खेल सामग्री विभाग द्वारा एवं स्वास्थ्यवर्धक नाश्ता प्रायोजको के माध्यम से निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है एवं ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों को प्रोत्साहन करने हेतु टीशर्ट एवं प्रमाण पत्र वितरित किये जाते हैं।

खेल सामग्री

- विभाग द्वारा खिलाड़ियों के उचित प्रशिक्षण हेतु उनके प्रशिक्षण केन्द्रों पर निःशुल्क खेल सामग्री उपलब्ध कराई जाती है, साथ ही कार्यालय में पदस्थ प्रशिक्षकों को वर्ष भर के लिए मांग अनुसार खेल सामग्री उपलब्ध कराई जाती है।

खिलाडियों को प्रोत्साहन :–

- **(अ) खेलवृत्ति**

जिला कार्यालय द्वारा राज्य स्तर पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को खेलवृत्ति के रूप में क्रमशः 10000/–, 8000/–, 6000/– नगद राशि ई–भुगतान के माध्यम से प्रदान कर प्रोत्साहित करता है। जिसके लिये खिलाड़ी की आयु उक्त उपलब्धि प्राप्त करने के दिनांक को 19 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिये। इस हेतु प्रति वर्ष 01 अप्रेल से 31 मई तक आवेदन आमंत्रित किये जाते है। जिसमें वर्ष भर में खिलाड़ी द्वारा अर्जित उपलब्धियों का गोषवारा प्राप्त कर तद्नुसार मेरिट लिस्ट तैयार कर प्राप्त बजट आवंटन अनुसार वरियता क्रम में खेलवृत्ति स्वीकृत की जाती है। इस वर्ष 2022–23 में खिलाडियों द्वारा अर्जित उपलब्धियों के अनुसार वर्ष 2023–24 में कुल 252 खिलाडियों को (बालक/बालिका) राशि रू. 2200000/– ई–भुगतान के माध्यम से प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया।

(ब) खेल संस्था को अनुदान :–

- खेल संस्थाओं द्वारा खण्ड, जिला, राज्य पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन किये जाने पर उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्द्देश्य से उपलब्ध बजट आवंटन अनुसार इस हेतु बनाये गये नियमों के तहत अनुदान प्रदान किया जाता है।

"माँ तुझे प्रणाम"

इस योजना के तहत मध्य प्रदेश सरकार हर साल राज्य के युवाओं का चयन करती है और उन्हें भारत की सीमाओं की यात्रा कराती है। ताकि प्रदेश के युवाओं में देश प्रेम बना रहे और साथ ही उनके मन में देश की सीमाओं पर रहकर देश की रक्षा करने वाले जवानों के प्रति सम्मान की भावना भी रहे। इस योजना में राज्य के युवाओं के लिए 15 **से** 25 **वर्ष की आयु निर्धारित की गई है। जिले के प्रत्येक विकासखण्ड से** 10 **प्रतिभावान युवा** (05 **बालक एवं** 05 **बालिका) जिसमें** 01 **एन.सी.सी**, 01 **एन.एस.एस**, 01 **खिलाड़ी**, 01 **मेधावी छात्र**, 01 **स्काउट अथवा सांस्कृतिक क्षेत्र का चयन किया जाता है।**

जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित चयन समिति द्वारा उन्हें लॉटरी के माध्यम से विभिन्न समूहों में देश के अन्तर्राष्ट्रीय सीमा भ्रमण पर ले जाया जाता है तथा कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से सीमा भूमि में शहीद हुए जवानों को ले जाया जाता है। युवा अपने निवास क्षेत्र के जल से श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है और राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर चर्चा करके युवाओं के दृष्टिकोण को व्यापक बनाया गया है। पशुपालन, कृषि, व्यवसाय, उद्योग, सिंचाई सुविधाओं, भौगोलिक विशेषताओं, संस्कृति, रीति-रिवाजों, मान्यताओं, त्योहारों आदि का अध्ययन भी युवाओं द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सीमा क्षेत्र के निवासियों की मदद से किया जाता है।

सभी शहीदों के रक्त से सिंचित सरहदी क्षेत्र की मिट्टी से युवा स्वयं व अपने गांव/कस्बेवासियों का तिलक भी करते हैं और यात्रा समाप्ति के बाद अपने रोमांचक अनुभव व सार्थक जानकारी अपने गांव/कस्बे के अन्य लोगों से साझा करते हैं. और समाज।

योजनान्तर्गत चयनित युवाओं को यात्रा किराया, दैनिक भत्ता, आवास, भोजन, स्थानीय परिवहन व्यवस्था, अतिरिक्त बोगियों का आरक्षण, ट्रैक सूट, टी-शर्ट, किट बैग प्रदान किया जाता है।

अनुभव यात्रा पर 72 **सदस्यीय दल भेजा जाता है, जिसमें** 65 **युवा**, 05 **विभागीय अधिकारी/कर्मचारी एवं** 02 **पुलिस अधिकारी शामिल हैं।**

य्‌वा अभियान :–

''खेलो एमपी य्‌थ गेम्स''

मप्र. शासन खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा संपूर्ण प्रदेश में 18 वर्ष से कम आयु के ग्रामीण एवं शहरी खेल प्रतिभाओ को निखारने के उद्‌देश्य से **''खेलो एमपी य्‌थ गेम्स''** विकासखण्ड, जिला एवं सभाग स्तर पर आयोजन (बालक/बालिका) प्रचलित 18 खेंलो – एथलेटिक्स, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, बॉक्सिंग, फुटबॉल, हॉकी, जूडो, कबड्‌डी, खो–खो, मलखम्ब, तैराकी, वेटलिफ्टिंग कुश्ती, टेबल–टेनिस, योगासन, व्हालीबॉल, टेनिस एवं शतरंज में किया जाता है।

धन्यवाद